प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ ने दो दशक की अल्पावधि में देश के 140 करोड़ नागरिकों का विश्वास जीता है। श्री शाह ने गाजियाबाद में आज एनडीआरएफ के राष्ट्रपति ध्वज समारोह में कहा कि देश में कहीं भी कोई आपदा आए या आने के संकेत मिले तब एनडीआरएफ की मौजूदगी से लोग सुरक्षित महसूस करते हैं।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की ऐतिहासिक सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें शीघ्र और समन्वित कार्रवाई के साथ स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों का उपयोग किया गया। नई दिल्ली में कलम और कवच के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र में श्री सेठ ने कहा कि आधुनिक भारत, नई चुनौतियों के समय में वैज्ञानिक अनुसंधानों को सैन्य शक्ति के साथ जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सुरक्षा सैन्य बलों की तकनीकी उत्कृष्टता और आत्मनिर्भरता से हासिल होती है।

****

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत केंद्रीय जांच टीम ने पूर्वी सिंहभूम के मानगो नगर निगम क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। सुबह एनएच–33 और बालीगुमा से शुरू हुए इस निरीक्षण में टीम ने कचरा संग्रहण प्रणाली का जायजा लिया और घरों में जाकर लोगों से सीधा फीडबैक लिया। इस दौरान मोबाइल ऐप के जरिए केंद्रीय सर्वर पर ग्राउंड रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज की गई।

****

सरायकेला जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र स्थित अमलगम कंपनी के मुख्य गेट पर आज विस्थापित कालिंदी परिवारों ने जमीन के बदले नौकरी की मांग को लेकर धरना–प्रदर्शन किया और कर्मचारियों का प्रवेश–निकास पूरी तरह बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2003 में कंपनी स्थापना के लिए उनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। उस समय प्रभावित परिवारों को स्थायी रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी सभी कालिंदी परिवारों को नौकरी नहीं मिल सकी।

****

प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के पेट्रोल डीजल की खपत कम करने संबंधी देशवासियों के आह्वान का असर हजारीबाग में भी दिखने लगा है। हजारीबाग नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा अब मोटरसाइकिल से कार्यालय आ रहे हैं। मोटरसाइकिल के पीछे अपने बॉडीगार्ड को बैठा कर वे शहर में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा ले रहे हैं।

****

झारखंड में अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली के प्रावधानों को लागू किए जाने के लिए आज रांची में ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में किया गया। इस मौके पर राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, विभागीय सचिव, अधिकारी और फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चौंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

****

राज्य के अलग–अलग हिस्सों में कल देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने काफी नुकसान किया है। इस प्राकृतिक आपदा में पेड़ गिरने से पलामू में एक बुजूर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। राजधानी रांची में भी कई जगह पेड़ और बिजली के पोल गिर जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। इस बीच, मौसम विभाग ने संताल परगना प्रमंडल समेत कई जिलों में कल 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी, वज्रपात और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 16 मई को भी रांची समेत 15 जिलों के लिए ऐसी ही चेतावनी जारी रहेगी।

*********समाप्त**********